**18.04.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM**

## प्रादेशिक समाचार

### मुख्य समाचार

**1-** केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' अभियान पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

**2-** मेक इन इंडिया पहल के कारण इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में बड़ा उछाल आया, कहा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने।

**3-** विश्व धरोहर दिवस पर विभिन्न शहरों में स्थित पुरातत्व स्मारकों पर कार्यक्रमों का हुआ आयोजन ।

**4-** प्रदेश में मौसम में बदलाव, कहीं तेज गर्मी का कहर तो कहीं हो रही बूंदाबादी ।

भारत /2047 कार्यशाला

केन्द्रीय वन–पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय–आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित इस कार्यशाला में विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों में वनों की भूमिका पर मंथन हो रहा है। इस अवसर पर केन्द्रीय वन–पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' और 'एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान के माध्यम से हमारा देश पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में वनों का भंडार है। प्राकृतिक रूप से और वन संपदा के माध्यम से मध्यप्रदेश की बड़ी–बड़ी नदियां अन्य राज्यों तक पानी पहुंचा रही हैं।

राज्यपाल मंगूभाई पटेल कल समापन सत्र को संबोधित करेंगे।

वैष्णव इलेक्ट्रॉनिक्स

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में पांच गुना वृद्धि हुई है। आज गुड़गांव के मानेसर में संवाददाताओं से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि मेक इन इंडिया पहल के कारण इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में बड़ा उछाल आया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण योजना को मंजूरी दी है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र और मजबूत होगा तथा रोजगार में वृद्धि होगी।

चीता प्रोजेक्ट

केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज राज्य सरकार के साथ चीता प्रोजेक्ट की समीक्षा की । यह प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में कूनो से प्रारंभ हुआ था। इस मौके पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के गांधी सागर अभयारण्य को चीता परियोजना के दूसरे स्थान के रूप में मान्यता मिलना अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने कहा कि आगामी 20 अप्रैल को मध्यप्रदेश के एक और स्थल गांधी सागर अभयारण्य से चीता प्रोजेक्ट का विस्तार होगा। यह वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

विश्व विरासत दिवस

आज विश्व विरासत दिवस है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्मारक और धरोहर स्थल दिवस भी कहा जाता है। इस वर्ष की थीम है – विरासत स्थलों पर आपदा और संघर्ष का संकट। यह दिवस सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के सम्मान और संरक्षण के लिए प्रति वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है। प्रदेश में भी विश्व धरोहर दिवस पर भोपाल, ग्वालियर, खजुराहो सहित विभिन्न शहरों में स्थित पुरातत्व स्मारकों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भोपाल शहडोल मुरैना रायसेन अशोकनगर सहित अन्य जिलों से भी कार्यक्रम आयेजित किये जाने के समाचार मिले हैं।

मुम्बई – वेव्स समीक्षा बैठक

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल. मुरूगन ने मुम्बई में एक से चार मई तक आयोजित होने वाले अत्यधिक अपेक्षित विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन यानि वेव्स के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में केंद्र और महाराष्ट्र सरकार के नोडल अधिकारियों ने भागीदारी की।

वेव्स क्रिएट इन इंडिया चैलेंज

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भारतीय कॉमिक्स एसोसिएशन और आसिफा इंडिया के सहयोग से वेव्स क्रिएट इन इंडिया चैलेंज के तहत वेव्स कॉमिक्स क्रिएटर चैंपियनशिप के फाइनलिस्टों की घोषणा की है। इनमें छतरपुर की अपर्णा चौरसिया भी शामिल हैं। अपर्णा ने केरल की लोक कथाओं की पुनर्कल्पना कर फाइनल में जगह बनाई है। अपर्णा ने कहा कि मैं बहुत खुश हूँ कि मेरी कहानी फाइनल में चुनी गई है। इसके लिए मैं अपने माता–पिता को धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मेरा साथ दिया है।

पोषण पखवाड़ा

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत सीहोर जिले में संचालित सभी गतिविधियों की विकासखंडवार समीक्षा की गई । जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "पोषण पखवाडा" अभियान तथा जिले में शाला स्तर पर शिक्षकों द्वारा किये जा रहे नवाचार संबंधी कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में "जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। देवास जिले में अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत चौबाराधीरा में बारिश के पानी को सहजने के लिए तालाब गहरीकरण कार्य किया जा रहा है। तालाब के गहरीकरण के बारिश के दिनों में पानी संग्रहित होगा तथा वाटर लेवल भी बढ़ेगा, जिससे पेयजल के साथ खेती करने के लिए भी पानी मिल सकेगा। सीहोर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज ग्राम बमुलिया, बड़नगर, निपानियाकला में जल बचाने के लिए ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई ।

## मौसम

प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। कहीं तेज गर्मी का कहर जारी है, तो कहीं बूंदाबादी हो रही है। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में ज्यादातर क्षेत्रों में अधिकतम तापमान देखने को मिलेगा। कहीं–कहीं हीटवेव के साथ लू चलने का भी अलर्ट भी जारी किया गया है। प्रदेश में सूरज की तपिश तेज हो गई है। इससे गर्मी का असर भी बढ़ा है। गर्मी का असर बढ़ते ही मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक जरूरत पड़ने पर ही घरों से बाहर निकलने की सलाह दी है। अगले 5 दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। वहीं, अगले 24 घंटे में बड़वानी, धार, खरगोन, बुरहानपुर, पांढुरना, मंडला, बालाघाट जिले में हल्की बारिश हो सकती है। जबकि मालवा, निमाड़, चंबल और बुंदेलखंड के कई जिलों में लू का भी अलर्ट जारी किया गया है।

## जेईई मेन परिणाम

संयुक्त प्रवेश परीक्षा – जेईई मेन 2025 का परिणाम कल घोषित किया जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने बताया कि जेईई मेन 2025 सत्र– II की अंतिम आंसर कीज़ जेईई मेन वेबसाइट पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगी।

## समाचार संक्षेप में .....

- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना को राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस 21 अप्रैल को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार–2024 से पुरस्कृत किया जाएगा।
- खण्डवा के शासकीय उद्यान पुनासा में आम फलबहार की नीलामी हेतु 19 अप्रैल को दोपहर 2 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।
- उमरिया जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए 21 अप्रैल को बैठक आयोजित की जाएगी।
- यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिये आगरमालवा जिले में एक से पन्द्रह अप्रैल तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

-------------------